डॉ सुचित्रा देवी

शिक्षक शिक्षा विभाग

एन ए एस कॉलेज संबद्ध (चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ)

एम एड फोर्थ सेमेस्टर

पेपरCC14

एजुकेशनल मैनेजमेंट एडमिनिस्ट्रेशन एंड लीडरशिप

यूनिट फोर्थ

स्पेसिफिक ट्रेंड्स इन एजुकेशनल मैनेजमेंट

“शिक्षा में संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन "

प्राचीन काल में शिक्षा विद्यार्थियों को ऋषियों मनीषियों द्वारा गुरूकुलों या आश्रमों में प्रदान की जाती थी। जहां विद्यार्थी पूर्ण कालिक रूप से रहकर उपरोक्त गुणों का संवर्धन करता है। लेकिन वर्तमान समय में शिक्षा तथा शिक्षक के स्वरूप मानदण्डों एवं विचारों में परिवर्तन हुआ है। प्राचीन परम्परागत आश्रमों एवं गुरूकुलों के स्वरूप में भी परिवर्तन हुआ है और आधुनिक व्यवसायिक शिक्षण संस्थानों से भिन्न या विशिष्ट बनाये रखना चाहता है। जिसके लिये ये अपनी विशिष्टता के मानकों का निर्धारण करते हैं और अपने को अन्य से श्रेष्ठतम साबित करना चाहते हैं। यह विशिष्टता ही उनकी गुणवत्ता की सूचक होती है।

“गुणवत्ता किसी उत्पाद अथवा सेवा के वे समग्र लक्षण एवं विशेषता होती है जो उसके बारे में वर्णित अथवा निहित गुणों को पूरा करने की क्षमता रखती है।” ब्रिटिश मानक संस्थान (1991) पूर्व अध्ययनों में “शिक्षा में गुणवत्ता प्रबंधन” के संदर्भ में अध्ययन किया गया है– ऐसे वातावरण का निर्माण जो हर विद्यार्थी के शारीरिक निर्माण की पुष्टि करे तथा पाठ्यचर्या का सामंजस्य हो। वायर (1996) उद्देश्यों का निर्धारण विशिष्ट व्यवहारिक नियमित लक्ष्यों में परिवर्तन करना– काकोर्ड।

प्रत्येक समस्या को इस प्रकार समझें मानों उसे सुलझाने के अनेक समाधान मौजूद है– कैक तथा तीर्जे (1988) संगठनात्मक मूल्यांकन तथा उपचार के लिये प्रमुख गुणात्मक विधि है।

उद्देश्य

1. शिक्षा में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन का अभिप्राय समझना।

2. सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधनों के घटकों की पहचान करना।

3. भारतीय संदर्भ में संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन लाने की प्रक्रियाओं को समझना।

4. शिक्षा में संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन जैसे नये विषय का परिचय प्राप्त करना

5. संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन की प्रक्रियाओं को अपनाकर संस्थाओं का मूल्यांकन किया जा सकता है। इसमें अपनी संस्था का मूल्यांकन करने वाले प्राचार्य लाभान्वित हो सकते हैं।

6. शिक्षा में संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया अपनाने को लोकप्रिय बनाया जा सकता है।

स्त्रोत

विकिपीडिया

विभिन्न इंटरनेट साइट्स

कोर्स से संबंधित किताबें